


# युवक ने मुंह में पिस्टल डाल खुद को मारी गोली

## गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजन, पहुंचाया गया अस्पताल, इलाज के दौरान मौत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, रीवा में युवक ने घर के भीतर अपने ही मुंह में पिस्टल डाल कर फायर कर लिया. गोली लगने से घायल युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहा उपचार के दौरान इसकी मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि जिस अस्पताल में युवक का उपचार चल रहा था, उसी अस्पताल में युवक मैनेजमेंट का काम देखा था. घटना के पीछे का कारण अब तक साफ नहीं हो सका है.**

वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के पीटीएस स्थित यूनियन बैंक के पीछे रहने वाले प्रतीक सिंह उर्फ कुक्कू नामक युवक ने रात करीब 12 बजे घर के भीतर अपने ही मुंह में पिस्टल डालकर गोली चला दी. देर रात घर के भीतर गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और जब कमरे में जाकर देखा तो युवक घायल हालत में तड़प रहा था, जिसे आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है. जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि युवक शहर में ही संचालित निजी हॉस्पिटल में स्टाफ मैनेजमेंट का काम देखा था, हालांकि युवक ने यह आत्मघाती में कदम किन कारणों के चलते उठाया है, यह साफ नहीं हो सका है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.



### ढाबे में गोली चलाने वालों का पुलिस ने निकाला जुलूस

समान थाना क्षेत्र के श्रीजी ढाबा मे बीते दिनों तोड़फोड़ एवं गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले आरोपियों का पुलिस ने आज जुलूस निकाला. घटना कारित करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. जबकि घटना का मास्टरमाइंड सहित एक आरोपी अभी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है. घटना सामान थाना क्षेत्र मे 17 एवं 18 दिसंबर की दरमियानी रात श्रीजी ढाबा में की गई थी, चार बाइक में सवार होकर आए आरोपियों ने ढाबे में जमकर तोड़फोड़ की थी और गोली चलाते हुए फरार हो गए. घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि अभी घटना को अंजाम देने वाले अभिषेक उर्फ प्रदुम पांडे, राहुल साकेत, राहुल गौतम, विनीत बारगाही और योगेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है. वही मुख्य आरोपी सहित एक अन्य फरार है जिसकी तलाश की जा रही है. बताया जा रहा है कि ढाबा संचालक रीता सिंह का विवाद रिपु दमन पांडे के साथ चल रहा था. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रिपु दमन के कहने पर ही उन्होंने घटना को अंजाम दिया था. हालांकि मुख्य आरोपी रिपु दमन अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है. वही गिरफ्तार आरोपियों को पैदल थाने से न्यायालय में पेश किया गया.



# हृदय रोग स्वास्थ्य शिविर में 93 बच्चों का हुआ परीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में चिन्हित हितग्राहियों का नि:शुल्क उपचार लाभ दिलाये जाने हेतु आयुष्मान भारत योजना से इम्पैनल इंडिया के अस्पताल नारायण हृदयालय चिल्ड्रन हॉस्पिटल मुम्बई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रतिम सेन कार्डियक सर्जन एवं देशमुख जी एवं टीम द्वारा इको मशीन ने नि:शुल्क जांच की गई.**

शिविर जिला अस्पताल बिछिया आयोजित किया गया. शिविर में 93 बच्चे पंजीकृत किये गए जिसमे हृदय रोग के 81 एवं अन्य विकासात्मक विलम्ब एवं फ़ॉलोअप के 12 बच्चे शामिल हैं. हृदय रोग के 28 बच्चे पॉजिटिव चिन्हित किये गए जिन्हें सर्जरी हेतु फिट पाए गए जिनकी सर्जरी कराई जाएगी . 12 बच्चे को मेडिकल मैनेजमेंट पर रखते हुए आगामी तीन माह बाद पुन: जांच परीक्षण किया जाएगा. 28 बच्चे जिन्हें हृदय रोग की समस्या पाई गई वे आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत नि:शुल्क उपचार कराया जाएगा यदि आयुष्मान कार्ड नही है तो हितग्राही का नि:शुल्क उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध मोडल कास्टिंग ट्रीटमेंट पैकेज से नि:शुल्क सर्जरी कराई जाएगी. गत माह दो महीने के बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट पर एयर एंबुलेंस के माध्यम से मुम्बई भेजा गया था जिसकी वहां सफल सर्जरी हुई थी आज उसको दुबारा नि:शुल्क फॉलो अप हुआ. बच्चा पूरी तरह से फिट है. डॉ संजीव शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशानिर्देशन में सम्पन्न शिविर में डॉ प्रतिभा मिश्रा सिविल सर्जन ने निरीक्षण किया. इस दौरान चिकित्सक एवं बच्चों के परिजन उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र सिंह भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रवाना होकर 24 दिसंबर को सुबह 8 बजे रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे तदुपरांत सुबह 8 .30 बजे निज निवास आयेंगे.

### प्रभारी मंत्री 25 को आएंगे रीवा

**रीवा,** पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दमोह से प्रस्थान कर 25 दिसंबर को दोपहर एक बजे रीवा आयेंगे.

### किसानों के सत्यापन के लिए आयोजित होंगे शिविर

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों का सत्यापन शिविर लगाकर कराएं. इसके साथ ही कृषकों को शिविर में समक्ष में बुलाकर भी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं. उल्लेखनीय है कि सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी.

### आओ दीन सीखें मुकाबला 2026 फरवरी में

**रीवा,**, आओ दीन सीखें मुकाबला 2026 के संबंध में इंतजामिया कमेटी कुदरत जामा मस्जिद बाणसागर रीवा की एक बैठक कुदरत जामा मस्जिद बाणसागर रीवा में मोहम्मद फिरोज अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक के संबंध में कमेटी के सचिव हाजी यामीन खान ने बताया कि जैसा कि वर्ष 2025 में आओ दीन सीखें मुकाबला का आयोजन किया गया था तथा उस मुकाबला में बच्चों ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया था. बच्चों के उत्साह को देखते हुए कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि वर्ष 2025 की तरह ही वर्ष 2026 में भी आओ दीन सीखें मुकाबला 2026 का आयोजन 1/2/2026 को आयोजित किया जावेगा. कमेटी की बैठक में प्रमुख रूप से दाउद अंसारी, हाजी मुख्तार भाई, मोहम्मद आरिफ, हाफिज मोहम्मद शरीफ, मास्टर मोहम्मद शरीफ इंजीनियर अजहर खान, मोहम्मद शाहिद अंसारी हाजी इसरार अंसारी, मोहम्मद शफीक उर्फ बालम, मुस्ताक मंसूरी, गुड्डू भाई एवं नौजवानाने मिल्लत कमेटी बाणसागर रीवा के सदस्य मौजूद रहे.

### मतदान के लिए 29 को रहेगा अवकाश

**रीवा,** नगरीय निकाय तथा पंचायत उप चुनाव के लिए 29 दिसंबर को मतदान कराया जा रहा है. मतदान के लिए संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया में अध्यक्ष और वार्ड पार्षद तीन के पार्षद के लिए चुनाव कराया जा रहा है. मतदान के लिए संपूर्ण नगर परिषद क्षेत्र में 29 दिसंबर को अवकाश रहेगा. जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत ग्राम गंगेव की ग्राम पंचायत अकौरी, क्योटी, कोलहाई, खरहरी, खैरा, चौरी, टेहरा, देवास, दादरकोठर, पचोखर, पताई, पिपरहा, बडोखर, बेलवाकुर्मियान, बेलवाबड़गैयान, भौखरीखुर्द, मौहरिया, रमपुरवा, रौरा उन्मूलन, लालगांव, सरईकला तथा सिसवा में मतदान होगा. सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत महमूदपुर तथा ग्राम पंचायत जरहा में मतदान होगा. इन सभी में 29 दिसंबर को सभी शासकीय तथा अशासकीय कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा. यह अवकाश निगोशिएवल इन्स्ट्रमेंट्स एक्ट प्रबंधानों के तहत घोषित किया गया है.

### प्रो. आशीष को 2026 का डॉ. नामवर सिंह सम्मान

**रीवा,** बिहार की ओर से दिया जाने वाला डॉ. नामवर सिंह राष्ट्रीय सम्मान प्रो. आशीष त्रिपाठी को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में 22-23 मार्च को प्रदान किया जाएगा. सम्मान समिति के संयोजक राजेन्द्र राजन ने बताया कि प्रो. आशीष त्रिपाठी का चयन 21 दिसंबर 2025 को संचालन समिति की बैठक में किया गया. नामवर के शताब्दी वर्ष में यह सम्मान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को सहेजने वाले कवि, आलोचक और संपादक प्रो. आशीष त्रिपाठी को दिया जा रहा है। 21 सितम्बर, 1973 को मध्य प्रदेश के गांव जमुनिहाई जिला सतना में जन्म लेने वाले प्रो त्रिपाठी इन दिनों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के हिन्दी विभाग में प्रोफेसर हैं. कम उम्र से ही उनकी कविता लेखन में रुचि थी और उनकी पहली कविता सन् 1986 में प्रकाशित हुई. 1994 से निरन्तर कविताओं का प्रकाशन हो रहा है. प्रो. त्रिपाठी का पहला कविता संग्रह 'एक रंग ठहरा हुआ' 2010 में प्रकाशित एवं लक्ष्मण प्रसाद मंडलोई स्मृति सम्मान से सम्मानित हुआ था. दूसरा कविता संग्रह 'शांति पर्व' 2024 में प्रकाशित. प्रो त्रिपाठी कविता के साथ ही आलोचना के क्षेत्र में भी अत्यंत सक्रिय हैं. आपकी पुस्तक 'समकालीन हिन्दी रंगमंच और रंगभाषा' प्रकाशित हो चुकी है. 'भक्ति आन्दोलन और तुलसीदास' विषय पर एक और पुस्तक और 'हिन्दी नाटकों पर लोक रंग-परम्पराओं का प्रभाव' विषय पर शोधपरक कार्य प्राय: पूर्ण होकर प्रकाशन के क्रम में है. इन दिनों वे रज़ा फेलोशिप के तहत हबीब तनवीर की जीवनी लिखने में व्यस्त हैं. डॉ आशीष त्रिपाठी की इस उपलब्धि पर रीवा सहित विंध्य क्षेत्र के के साहित्यकारों, संस्कृति कर्मियों ने बधाइयां दी है और प्रसन्नता जाहिर की है.

# पंचायत उप चुनाव के लिए मतदान 29 को

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत राज संस्थाओं के निर्वाचन में मतदान 29 दिसंबर को होगा.**

मतदान प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा. मतगणना 2 जनवरी को की जायेगी. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के वार्ड क्रमांक 16 के लिए मतदान होगा. रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत जरहा में सरपंच पद तथा जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत महमूदपुर में सरपंच पद के लिए मतदान होगा. जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में मतदान सामग्री का वितरण जनपद पंचायत कार्यालय रायपुर कर्चुलियान से किया जायेगा. मतगणना भी जनपद पंचायत कार्यालय में ही होगी.

गंगेव जनपद पंचायत में सरपंच पद तथा जिला पंचायत सदस्य पद के लिए सामग्री का वितरण और मतगणना सीएम राइज सांदीपन उ.मा.वि. गंगेव से होगा. कलेक्टर ने कहा है कि अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल मतदान तथा मतगणना दिवसों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें.

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मतगणना स्थल तथा सामग्री वितरण स्थलों पर आवश्यक बैरेटिंग करायें.



# कार्यशाला में बच्चों को साइबर सिक्योरिटी और पाक्सो एक्ट की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न सप्ताह 12 से 19 दिसंबर तक मनाए जाने के क्रम में कार्यशाला का आयोजन जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजी में किया गया.**

कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर मिथिलेश यादव द्वारा बच्चों को साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तार से बताया गया. बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव द्वारा ने पाक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया बताया. उन्होंने कहा कि किसी कार्यालय में आंतरिक परिवाद समिति का गठन न किया गया हो तो पचास हजार रूपये का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है. कार्यक्रम में बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनने एवं सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने की समझाइश दी गई. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मिहिर पाण्डेय, डीन अनुभव पांडे, रजिस्ट्रार जे एस परिहार, सीनियर फैकल्टी प्रोफेसर अनीता त्रिवेदी एवं अमर सिंह सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### डीएलसीसी की बैठक आज

कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक 24 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट के सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है. बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ बैंकर्स को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.



कलेक्टोरेट में जनसुनवाई के दौरान आवेदनों की सुनवाई करते अधिकारी

# सेमरिया में नगर परिषद अध्यक्ष तथा पार्षद के लिए मतदान 29 को

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, नगर परिषद सेमरिया में अध्यक्ष तथा पार्षद पद के लिए मतदान 29 दिसंबर को होगा.**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष पद के लिए वार्ड क्रमांक एक से 15 तक 16 मतदान केन्द्रों एवं वार्ड 3 के पार्षद पद के लिए एक मतदान केन्द्र में मतदान कराया जायेगा. मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. इनकी मतगणना 31 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शासकीय नवीन महाविद्यालय सेमरिया में होगी. कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल को मतदान और मतगणना दिवस में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के आदेश दिये हैं. कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को मतगणना स्थल तथा सामग्री वितरण स्थल पर आवश्यक वैरिकेटिंग कराने के निर्देश दिये हैं.

# जनसुनवाई में मिलता है केवल आश्वासन, नहीं होती कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित होकर रह गई. यहा आवेदको के आवेदन लेकर आश्वासन दे दिया जाता है लेकिन कार्यवाही नही होती.**

जिससे जनसुनवाई में शिकायतो की संख्या घटती जा रही है. मंगलवार को कलेक्ट्रेट में 68 आवेदकों के आवेदन प्राप्त हुए. संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने जनसुनवाई करते हुए प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया. जनसुनवाई में छोटेलाल कोल सहित अन्य खारा ग्राम वासियों ने वनाधिकार पट्टा दिये जाने का आवेदन दिया जिसे जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया. इसी प्रकार कुशहा निवासी लोकेश प्रसाद मिश्रा के अवरूद्ध रास्ता को खोलने, डीही मनगवां निवासी गणेश प्रसाद कोल के निर्माण कार्य को रोके जाने, लौआ निवासी तीरथ प्रसाद पाण्डेय के स्थगन जारी होने से भूमि विभाजन कार्य में रोक लगाने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया. हरिजन सामूहिक कृषि सहकारी समिति कोटराखुर्द के अध्यक्ष ने भूमि आवंटन में प्राथमिक सदस्यों को वरीयता देने, रामसिंह बघेल बगैरह निवासी सलैया के रास्ता बहाल करने, शिवकुमार, अंगद प्रसाद आदि खैरा निवासी के अवरूद्ध रास्ता से अवरोध हटाने तथा गंगा प्रसाद पाठक निवासी रौरा संसारपुर के नक्शा तरमीम के आवेदनों में संबंधित तहसीलदार को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये. गौरतलब है कि जनसुनवाई में आवेदन तो ले लिया जाता है लेकिन उस पर कार्यवाही नही होती है.

# मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में कई कार्यों को मिली स्वीकृति



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर अजय मिश्रा (बाबा) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में चर्चा उपरांत कई प्रस्तावों पर निर्णय लिये गए जिनमें गांधी काम्पलेक्स सी ब्लाक के दुकान क्रमांक 04, 06, 09 की ई-नीलामी में प्राप्त निविदा अनुसार विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत राशि जमा कराये जाने का अनुमोदन की स्वीकृति दी गई.**

लीज नवीनीकरण के 5 प्रकरणों की स्वीकृति प्रदान की गई. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत कृष्णा नगर में ईडब्ल्यूएस, एमआईजी, एलआईजी, दुकानों एवं कार्यालय ईकाइयों के शेष कार्यों हेतु रू. 22.070 करोड़ की प्रशासकीय/वित्तीय एवं निविदा आमंत्रण की स्वीकृति पर विचार कर निर्णय लिया गया. प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत गोल क्वार्टर साइट, एस.ए.एफ. साइट में निर्मित/निर्माणाधीन दुकानों, कार्यालय इकाई के अंतरण हेतु प्राप्त निविदाओं पर विचार कर स्वीकृति दी गई. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 बी.एल.सी. घटक अन्तर्गत 35 पात्र हितग्राहियों की अनुमोदित सूची की पुष्टि की गई. योजना क्रमांक-7 यातायात नगर पड़रा स्थित ट्रकयार्ड की भूमि में ट्रान्सपोर्टरों हेतु लॉजिस्टिक हब निर्माण संबंधी गतिविधियां व संचालन हेतु 30 वर्षीय लीज पर भूमि का अन्तरण ई-ऑक्शन के माध्यम से किये जाने हेतु भूमि का आरक्षिण मूल्य का निर्धारण तथा निविदा आमंत्रण की स्वीकृति दी गई. अगले प्रस्ताव, नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एस.ए.एफ. साइट में निर्मित 384 एल.आई.जी. यूनिट (32 ब्लाक) जो जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में विक्रय हेतु आमंत्रित निविदा का अनुमोदन एवं निविदा दर स्वीकृति प्रदान की गई. बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती रमा दुबे, रवि तिवारी, मनीष नामदेव, गुलाम अहमद, श्रीमती नजमा बेगम, श्रीमती सूफिया सहफूज खान, श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल, आरती बक्सरिया उपस्थित रही.

# सुबह 10 बजे से पूर्व नहीं लगेंगी स्कूलें

**रीवा, 23 दिसम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के तापमान में आई गिरावट के कारण विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शासकीय-अशासकीय अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई तथा माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से संचालित विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक का संचालन सुबह 10 बजे से पूर्व न किया जाए. गौरतलब है कि तेजी से बढ़ रही ठंड के चलते बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर समय परिवर्तन किया गया.

# जिला न्यायालय को रेडक्रॉस सोसाइटी ने प्रदान की व्हील चेयर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, भारतीय रेडक्रास सोसाईटी द्वारा नव निर्मित नवीन न्यायालय भवन में दिव्यांग पक्षकारों के न्यायालय परिसर मे न्यायालय कक्ष मे एवं अन्य अनुभागों में आवागमन को सुलभ एवं सुगम बनाने हेतु नवीन न्यायालय भवन को एक व्हील चेयर प्रदान की गई.**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान द्वारा दिव्यांग पक्षकारों के न्यायालय परिसर में आवागन में समस्या को ध्यान रखते हुये व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चत कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया था. तदनुक्रम में भारतीय रेड कास सोसायटी के चेयर मैन प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश को एक व्हील चेयर सौंपी गई. इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे.

# नगर निगम सफाई कर्मचारियों का अल्टीमेटम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 दिसम्बर, रीवा नगर निगम श्रमिक कर्मचारी परिषद एवं भारतीय सफाई मजदूर संघ पंजीयन द्वारा अपनी मांगों को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा.**

सफाई कर्मचारियों ने कहा कि 6 सूत्रीय मांगो का निराकरण 24 दिसंबर तक नहीं किया गया तो सुबह पाली से सफाई कर्मचारी काम बन्द हड़ताल पर चले जायेगें, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन की होगी. कर्मचारियों ने कहा कि इसके पूर्व उनके द्वारा निगम आयुक्त को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा था और आयुक्त द्वारा मांगों को निराकरण के लिए एक माह का समय दिया गया था. लेकिन एक महा बीत जाने के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं की गई है जिसके चलते आज वह एक बार फिर निगम आयुक्त से मिलने आए हैं और मांगों के निराकरण के संबंध में चर्चा करेंगे कर्मचारियों ने कहा कि अब अगर हमारी मांगे नहीं पूरी की गई तो हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे. वही महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि मांगो के निराकरण का प्रयास किया जायेगा.